# प्रेस नोट थाना रोजा

# जनपद शाहजहाँपुर

**सराहनीय कार्य दिनांक- 20.08.2026**

## SOG/सर्विलांस व थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता, ई-रिक्शा बैटरी चोरी गिरोह के 05 अभियुक्त गिरफ्तार

## SOG/सर्विलांस व थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ई-रिक्शा से बैटरी चोरी करने वाले अन्तरजनपदीय गिरोह के 05 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की ई-रिक्शा बैटरी, घटना में प्रयुक्त महेन्द्रा बोलेरो कार, 04 मोबाइल फोन, ₹2,850/- नकद एवं सफेद धातु का ब्रेसलेट बरामद।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रोजा के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी व तलाश वांछित/वारन्टी-जिलाबदर अपराधी व रोकथाम अवैध शराब-शस्त्र / अफीम चरस बिक्री-निर्माण एवं चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन/गश्त के क्रम में जनपदीय एस0ओ0जी0, सर्विलांस सेल व थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई।

**<u>संक्षिप्त विवरणः-</u>**

दिनांक 23.07.2026 को वादी श्री यामीन पुत्र अनीस निवासी मो0 मिश्रीपुर तावरगंज, थाना रामचन्द्र मिशन, जनपद शाहजहाँपुर की तहरीर के आधार पर थाना रोजा पर मु0अ0सं0 335/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध ई-रिक्शा से बैटरी चोरी कर ले जाने के संबंध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के अनावरण हेतु जनपदीय एस0ओ0जी0, सर्विलांस सेल व थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 20.08.2026 को समय करीब 14:42 बजे रेलवे इण्टर कालेज के सामने स्थित जंगल से 05 अभियुक्तगण (1) अशफाक पुत्र लईक उम्र करीब 22 वर्ष निवासी सऊवापुर थाना पिसावां जनपद सीतापुर, (2) आजाद उर्फ मो0 सहरुफ पुत्र नवीस अहमद उम्र करीब 20 वर्ष निवासी कस्बा व थाना पिसावां जनपद सीतापुर, (3) सुभाष पुत्र फेरुलाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी वरामाऊ खुर्द थाना पिसावां जनपद सीतापुर, (4) पारुल उर्फ गौरव पुत्र कौशलेन्द्र उम्र करीब 19 वर्ष निवासी वेरीहा थाना पिसावां जनपद सीतापुर तथा (5) दिलशाद पुत्र महबूब उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम वरगवां थाना पिसावां जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की ई-रिक्शा बैटरी, घटना में प्रयुक्त महेन्द्र बोलेरो कार रजि0 नं0 UP34BA9547, एक पारदर्शी डिब्बे में 04 मोबाइल फोन, एक प्लास्टिक के डिब्बे में ₹2,850/- नकद तथा एक अदद सफेद धातु का ब्रेसलेट बरामद किया गया। बरामदगी एवं पूछताछ के आधार पर अभियुक्तगण के नाम प्रकाश में आने पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। अभियुक्तगण के विरुद्ध गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

1. अशफाक पुत्र लईक, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी सऊवापुर, थाना पिसावां, जनपद सीतापुर।
2. आजाद उर्फ मो0 सहरुफ पुत्र नवीस अहमद, उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी कस्बा व थाना पिसावां, जनपद सीतापुर।
3. सुभाष पुत्र फेरुलाल, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी वरामाऊ खुर्द, थाना पिसावां, जनपद सीतापुर।
4. पारुल उर्फ गौरव पुत्र कौशलेन्द्र, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी वेरीहा, थाना पिसावां, जनपद सीतापुर।
5. दिलशाद पुत्र महबूब, उम्र करीब 23 वर्ष, निवासी ग्राम वरगवां, थाना पिसावां, जनपद सीतापुर।

## पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अं0सं0 335/2026 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर ।

## गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थानः

दिनांक 20.08.2026 को समय करीब 14.42 बजे, रेलवे इण्टर कालेज के सामने स्थित जंगल मे

## बरामदगी का विवरणः-

1. ई-रिक्शा की 01 अदद बैटरी।
2. घटना में प्रयुक्त 01 अदद चार पहिया महेन्द्रा बोलेरो कार, रजि0 नं0 **UP**34**BA**9547।
3. 01 अदद पारदर्शी डिब्बे में कुल 04 अदद मोबाइल फोन।
4. 01 अदद प्लास्टिक के डिब्बे में **₹**2,850/- नकद एवं 01 अदद ब्रेसलेट (सफेद धातु)।

## पूछताछ का विवरणः-

पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि साहब, हम लोग अपने अन्य साथी अंकित पुत्र सुन्दरलाल निवासी बरामऊ खुर्द, थाना पिसावां, जनपद सीतापुर के साथ मिलकर दिनांक 20.07.2026 को इसी महेन्द्रा बोलेरो गाड़ी से रोजा क्षेत्र में रेलवे पुल के पास खड़े एक ई-रिक्शा से उसकी बैटरी चोरी कर ले गये थे। बरामद बैटरी वही है, जिसे हम लोग आज इसी बोलेरो गाड़ी में रखकर लखीमपुर खीरी बेचने के लिए ले जा रहे थे। हम लोग यहाँ अपने साथी अंकित के आने का इंतजार कर रहे थे, तभी पुलिस ने हम लोगों को पकड़ लिया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. थानाध्यक्ष श्री उमेश कुमार मिश्र, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री मोहनदेव शर्मा, SOG/सर्विलांस सेल प्रभारी, मय टीम, जनपद शाहजहाँपुर।
3. उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर।
4. उ0नि0 श्री अर्जुन सिंह, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर।
5. हे0का0 आशाराम, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर।
6. का0 विशाल अष्टवाल, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर।
7. का0 अंकित कुमार, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर।